Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to expidite the work of road construction on National Highway -20 to avoid accidents.

कुमारी चन्द्राणी मुर्मु (क्योंझर): माननीय अध्यक्ष जी, मेरे संसदीय क्षेत्र की लाइफलाइन एनएच-20 है जो पाणिकोइली से राजामुंडा है, इसे पहले एनएच-215 कहा जाता था ।

मेरा क्षेत्र माइनिंग बैल्ट होने के कारण हजारों भारी ट्रक इस रास्ते से ट्रांसपोर्टेशन करते हैं । दुख की बात है कि टाइम पीरियड खत्म होने के बाद भी रोड का काम पूरा नहीं हो पाया, अभी फिलहाल काम बंद है । रास्ते का काम आधा होने पर भी टोल का कलैक्शन बराबर हो रहा है ।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहती हूं कि इस एनएच की बुरी कंडीशन की तरफ तुरंत ध्यान देकर काम चालू करवाएं, ताकि आए दिन रोड पर जो एक्सीडेंट्स होते हैं, कम हों । धन्यवाद ।